210477 - वह कुछ लोगों की ओर से दान करना चाहता है क्योंकि वह उनके प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को अच्छी तरह न निभाने के कारण अपने आपको दोषी महसूस कर रहा है

प्रश्न

यदि कोई व्यक्ति यह महसूस करे कि उसने किसी दूसरे आदमी के बारे में, उसके प्रति जिस चीज़ का ज़िम्मेदार था उसको पूरा न करके गलत किया है, तो उसे अब क्या करना चाहिए ? उन्हों ने न करने का क़सद नहीं किया, और उन्हों ने इसको ज़ाहिर नहीं किया, लेकिन भयानक वसवसा और इस व्यक्ति के बारे में इसके एहसास की वजह से क्या मेरे लिए संभव है कि मैं उसकी ओर से दान करूँ ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

सर्व प्रथम :

यदि ये गलतियाँ इस व्यक्ति के छीने हुए अधिकार हैं : तो अधिकारों को उनके मालिकों को लौटाना, या उनसे ज़िम्मेदारी से मुक्ति हासिल करना ज़रूरी है।

और यदि ये अधिकार धन से संबंधित हैं : तो उसे या उसकी क़ीमत लौटाना ज़रूरी है, और यदि उसका संबंध व्यवहार से है जैसे कि: गीबत, झूठ और इसके समान चीज़ें, तो उसके ऊपर उससे मुक्ति हासिल करना ज़रूरी है, साथ ही साथ उसे उसके लिए क्षमा की दुआ करना और उसकी अच्छी प्रशंसा करना चाहिए।

तथा उसी में से यह भी है कि वह नेक कार्य कर उसे उस आदमी को भेंट कर दे जिसकी उसने गीबत की है या उसके साथ दुर्व्यवहार किया है।

तथा इब्ने बाज़ रहिमहुल्लाह से उस आदमी के बारे में प्रश्न किया गया जो अपनी माँ की ओर से दान करता है जबकि वह जीवित हैं, कि क्या उन्हें धन वग़ैरह दान करने का सवाब पहुँचेगा ?

तो उन्हों ने उत्तर दिया :

रही बात दान की : तो यह मुसलमानों की सर्वसहमति से जीवित और मृत सबको लाभ देता है, इसी तरह दुआ करना भी

मुसलमानों की सर्वसहमति के साथ जीवित और मृत सभी को लाभ देता है।"

"मजमूओ फतावा इब्ने बाज़" (4/348) से समाप्त हुआ।

तथा प्रश्न संख्या : (65649) देखें।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।